प्रेषक,

अनूप कुमार पाण्डेय,
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम,
न्यायालय संख्या-12,बस्ती।

सेवामें,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा:- श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
जनपद- बस्ती।

विषय:- निज आवास हेतु भूमि क्रय करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मुझे जनपद लखनऊ में आवास हेतु भूमि क्रय करना है। मैने भूमि क्रय करने हेतु श्री हरमिन्दर पाल सिंह पुत्र श्री अर्जुन सिंह, निवासी-के०डी०-49 इन्डोगल्फ टाउनशिप, जगदीशपुर इंडस्ट्रियल एरिया, सुल्तानपुर से वार्ता की है। वह अपनी भूमि प्लाट नं-291, रकबा 1800 वर्गफिट भूमि स्थित खसरा सं-11, दयाल रेजीडेन्सी ग्राम सेमरा , परगना लखनऊ, तहसील व जिला लखनऊ में स्थित है, को विक्रय हेतु सहर्ष तैयार है।

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं0 सीएल नं० 25/ एडमिन ए दिनांकित 13-07-1998 के अनुसार इस प्रार्थना पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज को संलग्न कर निवेदन है-

1. यह कि मैनें न्यायिक सेवा में दिनांक 04-03-2017 को कार्यभार ग्रहण किया है।

2 यह कि मेरा कुल मासिक वेतन मु0 90,979/ - रूपया लगभग है, जिसमें आवश्यक कटौती के उपरान्त मु० 77,856/- रूपये प्रतिमाह प्राप्त होते हैं।

3. यह कि मैने अभी तक भवन निर्माण हेतु भूमि क्रय नहीं किया है । मेरे नाम से कोई भी अचल सम्पत्ति क्रय नहीं की गयी है।

4. यह कि मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय से कोई अग्रिम या ऋण प्राप्त नहीं किया गया है, न ही इस सम्बन्ध में कोई प्रार्थना पत्र माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष लम्बित है।

5. यह कि विक्रेता की भूमि प्लाट नं-291, रकबा 1800 वर्गफिट भूमि स्थित खसरा सं-11, दयाल रेजीडेन्सी,ग्राम सेमरा , परगना लखनऊ, तहसील व जिला लखनऊ में स्थित है, जिसका मेरे द्वारा क्रय किया जाना है।

६. यह कि प्रस्तावित विक्रेता का स्थाई पता-के०डी०-49 इन्डोगल्फ टाउनशिप, जगदीशपुर इंडस्ट्रियल एरिया, सुल्तानपुर है।

7. यह कि सन्दर्भित भूमि प्रस्तावित विक्रेता की क्रयशुदा सम्पत्ति है , जिसके वह मालिक

Anoop Kumar Pandey
27/01/2021

काबिज हैं।

8-यह कि मेरा विक्रेता से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है और न ही उक्त विक्रेता या उसके किसी सम्बन्धी का कोई वाद मेरे न्यायालय में लम्बित है और न ही उक्त विक्रेता या उसके किसी सम्बन्धी का कोई वाद मेरे द्वारा कभी भी निर्णीत किया गया है। इसके अतिरिक्त मैं, जनपद-लखनऊ अथवा जनपद-सुल्तानपुर में कभी कार्यरत नहीं रहा हूँ।

9-यह कि उक्त क्रय की जाने वाली भूमि का मूल्य मु0 780/- रूपया प्रति वर्ग फिट की दर से निश्चित हुआ है। इस प्रकार मेरे द्वारा क्रय की जाने वाली 1800 वर्ग फिट भूमि का कुल मूल्य मु0 14,04,000/- रूपए होता है।प्रतिफल की धनराशि का भुगतान मेरे द्वारा अपने बचत खाता सं0 86895902964 भारतीय स्टेट बैंक, व्यक्तिगत शाखा, जिला बस्ती से किया जाना निश्चित किया गया है दिनांक 27-01-2021 को मेरे उक्त बचत खाता में मु० 4,48,810/- रूपए जमा है। शेष धनराशि के भुगतान हेतु मेरे द्वारा भारतीय स्टेट बैंक से ऋण आहरित किया जाना है। ऋण की धनराशि स्वीकृत होने के पश्चात् कुल प्रतिफल मु0 14,04,000/- का भुगतान माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने की प्रत्याशा में प्रस्तावित विक्रेता को अग्रिम भुगतान के रूप में चेक द्वारा किया जाना है। भुगतान के उपरान्त माननीय उच्च न्यायालय की अनुमति मिलने के पश्चात् भूमि का विक्रय विलेख निष्पादित किया जाना है।

अतः श्रीमान जी से सादर अनुरोध है कि श्री हरमिन्दर पाल सिंह पुत्र श्री अर्जुन सिंह, निवासी-के०डी०-49 इन्डोगल्फ टाउनशिप, जगदीशपुर इंडस्ट्रियल एरिया, सुल्तानपुर की भूमि प्लाट नं-291, 1800 वर्गफिट भूमि स्थित खसरा सं-11, दयाल रेजीडेन्सी ग्राम सेमरा , परगना लखनऊ, तहसील व जिला लखनऊ को भवन निर्माण हेतु क्रय करने की अनुमति हेतु प्रार्थना-पत्र माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की महती कृपा की जाये।

प्रार्थी आपका आजीवन आभारी रहेगा।

सादर

दिनांक:27-01-2021

प्रार्थी,

Anoop Kumar Pandey
27/01/2021

(अनूप कुमार पाण्डेय)
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम,
न्यायालय संख्या-12,बस्ती।

संलग्नक:-

1-खाता संख्या-86895902964 एस०बी०आई० व्यक्तिगत शाखा, बस्ती में दिनांक 24-01-2021 तक जमा कुल धनराशि के सम्बन्ध में पासबुक की स्वप्रमाणित छाया प्रति।

2-स्वप्रमाणित छाया प्रति लोन आफर पत्र